भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
लोक सभा
तारांकित प्रश्न सं.*274
22 मार्च, 2022 को उत्तर देने के लिए

प्रधान मंत्री किसान संपदा योजना के अंतर्गत लाभान्वित किसान

***274. श्री अनुभव मोहंती:**
क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) प्रधान मंत्री किसान संपदा योजना (पीएमकेएसवाई) के अंतर्गत गत चार वर्षों में प्रत्येक वर्ष के दौरान अब तक कुल कितने किसान लाभान्वित हुए हैं;

(ख) पीएमकेएसवाई के अंतर्गत उक्त अवधि के दौरान कुल कितने प्रत्यक्ष/अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित हुए हैं; और

(ग) क्या सरकार के पास इस योजना के अंतर्गत नियोजनीयता बढ़ाने संबंधी कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री
(श्री पशुपति कुमार पारस)

(क) से (ग): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है ।

प्रधान मंत्री किसान संपदा योजना के अंतर्गत लाभान्वित किसान के संबंध में लोक सभा में दिनांक 22.03.2022 को पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या *274 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।

(क) और (ख): वर्ष 2017-18 से प्रधान मंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई) की घटक स्कीमों के अंतर्गत पूर्ण परियोजनाओं से लाभान्वित हुए किसानों तथा सृजित प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार की वर्ष-वार अनुमानित संख्या **अनुबंध** में दी गई है ।

(ग): रोजगार सृजन सहित इसके उद्देश्यों को प्राप्त करने में सहायता हेतु स्कीम के कार्यान्वयन को आगे सुव्यवस्थित करने के क्रम में, सरकार ने 4600 करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ वर्ष 2025-26 तक पुनर्गठित पीएमकेएसवाई की निरंतरता को अनुमोदित किया है । "ऑपरेशन ग्रीन्स" घटक स्कीम का दायरा टमाटर, प्याज और आलू (टॉप) से 22 विकारी उत्पादों तक विस्तारित किया गया है। इस संबंध में विभिन्न अन्य उपाय शुरू किए हैं जिसमें (i) इसकी स्कीमों के अंतर्गत उपलब्ध लाभों की जागरूकता पैदा करना; (ii) ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्रस्तावों का प्रस्तुतीकरण; (iii) परियोजना के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए डैश बोर्ड; (iv) बाधाओं को दूर करने में सहायता के लिए प्रमोटरों/राज्य नोडल विभागों/बैंकों के साथ नियमित समीक्षा बैठकें, शामिल हैं ।

*****

अनुबंध

प्रधान मंत्री किसान संपदा योजना के अंतर्गत लाभान्वित किसान के संबंध में लोक सभा में दिनांक 22.03.2022 को पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या *274 के भाग (क) से (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध

प्रधान मंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई) की घटक स्कीमों के माध्यम से लाभान्वित हुए किसानों और सृजित किए गए रोजगार की वर्ष-वार अनुमानित संख्या

वर्ष	वर्ष के दौरान पूर्ण परियोजनाओं की संख्या	वर्ष के दौरान पूर्ण परियोजनाओं से लाभान्वित हुए किसानों की अनुमानित संख्या	वर्ष के दौरान पूर्ण परियोजनाओं से प्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष सृजित किए किए रोजगार की अनुमानित संख्या
2017-18	36	185088	13619
2018-19	40	185739	39028
2019-20	90	499826	42016
2020-21	111	398996	54911
2021-22	127	343394	57525